सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/12/2020-स्था.I दिनांक : 20.11.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में "जनजातीय गौरव दिवस-2024" के उपलक्ष्य में गतिविधियों का आयोजन।

संदर्भ : 1. सीएसआईआर मुख्यालय का का.ज्ञा. सं. 5-1(17)/2008-PD, दिनांक 11.11.2024

2. सीएसआईआर के नोडल अधिकारी का ई-मेल, दिनांक 18.11.2024

सीएसआईआर मुख्यालय के उपर्युक्त का.ज्ञा. एवं सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अ.शा. पत्रांक 17011/01/2021-TRI, दिनांक 04.11.2024 के अनुसरण में महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता **भगवान बिरसा मुंडा की जयंती** को **जनजातीय गौरव दिवस** के रूप में मनाया जाना है। इस **आयोजन का उद्देश्य** देश के इतिहास एवं संस्कृति में जनजातीय समुदाय के योगदान को याद करना तथा भावी पीढ़ी को राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत और गौरव की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। इसी परिप्रेक्ष्य में **15 नवंबर से 26 नवंबर, 2024** की अवधि के दौरान देश भर में **चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस** के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के अनुमोदन से संस्थान में उपर्युक्त अवधि के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ/कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे :

क्र.	विवरण	दिनांक एवं समय	स्थान
1.	जनजातीय गौरव दिवस (निदेशक महोदय का संबोधन)	21.11.2024, सायं 4.00 बजे	पुराना सभागार
2.	भगवान बिरसा मुंडा पर संक्षिप्त वीडियो फिल्म (निदेशक महोदय के संबोधन के उपरांत)	21.11.2024, सायं 4.20 बजे	पुराना सभागार
3.	भारत सरकार द्वारा जनजातीय कल्याण योजनाओं पर व्याख्यान/प्रस्तुतीकरण (श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक)	22.11.2024, अप. 4.00 बजे	पुराना सभागार
4.	जनजातीय छात्राओं के लिए शिल्प प्रशिक्षण	तिथि/अवधि की घोषणा बाद में की जाएगी।	

इन कार्यक्रमों में सहकर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। सभी सहकर्मी कृपया उपर्युक्त गतिविधियों/कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

जय शंकर 20/11/2024

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

सेवा में,

श्री अनोज कुमार चडार, वरि. प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर मुख्यालय - नोडल अधिकारी।

प्रतिलिपि (सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :

1. निदेशक कार्यालय
2. वित्त एवं लेखा नियंत्रक/प्रशासन नियंत्रक
3. श्री प्रमोद तँवर, प्रमुख, पीएमई
4. श्री अशोक चौहान, प्रमुख, शोध एवं विकास सेवाएं - प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्था हेतु।
5. श्री पी कोसराबे, नोडल अधिकारी, सीरी - चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस
6. प्रभारी, एआईटीजी/एनएमसी - का. ज्ञा. को वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
7. श्री किशन लाल, एमटीएस - सभागार में आवश्यक व्यवस्था हेतु।
8. श्री बिद्दिका पृद्वी, तकनीशियन - डिस्प्ले एवं तकनीकी सहयोग हेतु
9. संबंधित फाइल
10. सूचना पट्ट